## सार-समाचार

### द्वितीय हॉर्स राइडिंग समर कैम्प आज से

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर पोलो एवं इक्यूस्टेरियन इंस्टीट्यूट, ऑल इण्डिया मारवाडी हॉर्स सोसायटी व एसएस के राइडिंग क्लब के तत्वावधान में तीस दिवसीय हॉर्स राइडिंग समर कैम्प का शुभारम्भ 15 मई को सुबह साढ़े छह बजे महाराजा गजसिंह स्पोर्टस फाउण्डेशन पोलो मैदान एयरफोर्स रोड पाबूपुरा में होगा। कैंप में स्टूडेंट्स को घोड़ों को राइट व लेफ्ट टर्न करना व रोकना सिखाया जाएगा। बेसिक लर्निंग के साथ एडवांस कोर्स भी करवाएंगे। मानद सचिव इन्द्रजीत सिंह नाथावत ने बताया कि हॉर्स राइडिंग समर कैंप का आयोजन दूसरी बार किया जा रहा है। इस कैंप का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय एन्डयोरेन्स स्तर प्रतियोगिताओं के लिए प्रशिक्षित करना है। कैम्प के माध्यम से घुड़ सवारी, शो जम्पिंग, ड्रेसाज, टेन्ट पैगिंग, घुड़ सवारी के खेल, पोलो पोनी ट्रेनिंग व पोलो सिखाना, खेलों का आयोजन व प्रतियोगिताएं कराना सभी वर्गों में इक्वेस्ट्रीयन खेलों में रूचि बढ़ाना है। समर कैंप में घुड़ सवारी व इससे संबंधित सभी खेलों की जानकारी दी जाएगी ताकि इनके प्रति रूचि बढ़ाई जा सके। तीस दिवसीय द्वितीय समर कैंप प्रतिदिन दो बैंच सुबह 6.30 से 8.30 और शाम 5.30 से 7.30 तक बजे तक होगा। कैंप मे ट्रेनर रिटायर्ड कैवलरी रेवाराम, प्रशान्त कच्छवाहा, राघवेद्र सिंह इन्द्रोका व विनोद सांखला द्वारा ट्रेनिंग दी जाएगी।

### हरिद्वार की ट्रेन के लिए संज्ञान लिया

**जोधपुर**, (कासं)। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने जोधपुर से हरिद्वार जाने वाली एकमात्र ट्रेन के लगातार निरस्त होने का संज्ञान लिया है। शेखावत ने मंगलवार को इस संदर्भ में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से बात की। उन्हें जोधपुर से हरिद्वार जाने वाली ट्रेन के निरस्त होने संबंधी आमजन की परेशानियों से अवगत कराया और वैकल्पिक मार्ग से ट्रेन चलाने का आग्रह किया। दरअसल पंजाब में किसान आंदोलन के चलते जोधपुर से हरिद्वार जाने वाली एकमात्र ट्रेन विगत 25 दिनों से बठिंडा तक ही संचालित हो रही है। इस ट्रेन से जोधपुर और आसपास के लोग अपने प्रियजनों की अस्थियों को विसर्जित करने के लिए हरिद्वार जाते हैं। ट्रेन के लगातार निरस्त होने से आमजन बेहद परेशान है। कई समाजों के श्मशानों में अस्थियों के लॉकर भरने लगे हैं। शेखावत ने रेल मंत्री को विशेष रूप से आमजन के प्रियजनों की हरिद्वार में पवित्र गंगा में अस्थियां विसर्जित नहीं कर पाने की दिक्कत से अवगत करवाया। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री शेखावत ने डीआरएम जोधपुर से भी बातचीत की और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने डीआरएम से कहा कि दिल्ली में रेल ट्रैफिक अधिक है, लेकिन यहां की समस्या को देखते हुए जोधपुर से वाया दिल्ली ट्रेन के संचालन करने का मार्ग प्रशस्त किया जाए।

### जोनल अध्यक्ष परिहार का स्वागत

**जोधपुर**, (कासं)। नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्प्लाइज यूनियन के मंडल मंत्री मनोज कुमार परिहार को जोनल महामंत्री मनोनीत किए जाने पर रेल कर्मचारियों में हर्ष की लहर छाई है। परिहार के यूनियन के जोनल मंत्री बनने पर अलग-अलग शाखाओं के कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। मंगलवार को जोधपुर मंडल की टिकट चेकिंग शाखा की ओर से टिकट चेकिंग स्टाफ ने जोनल अध्यक्ष बनने पर परिहार का स्वागत किया और मिठाइयां बांटी। शाखा की ओर से मंडल मुख्य टिकट एलएन मीणा, स्लीपर सीटीआई पदम सिंह राठौड़, एसीजेएम स्क्वायड सीटीआई राजेश शर्मा, सीटीआई पंकज शुक्ला, के जे अय्यर, मंजीत सिंह, संदीप मीणा, अवतार सिंह, नरेश शर्मा, टीटीआई आर के यादव, मोहम्मद वासिद, कपिल पुरोहित, अमित जोशी और आशा खींची सहित अन्य शाखाओं के कर्मचारियों ने परिहार का स्वागत किया। इस दौरान यूनियन के मंडल अध्यक्ष महेंद्र व्यास भी उपस्थित रहे।

### मंडलनाथ महादेव का रूद्राभिषेक

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के नजदीकी पालड़ी गांव में भोगिशैल पहाडि़यों में स्थित मंडलेश्वर (मण्डलनाथ) महादेव मंदिर का पाटोत्सव मंगलवार को विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। मण्डलेश्वर महादेव मन्दिर ट्रस्ट के सचिव प्रेम कुमार जोशी ने बताया कि सुबह गणपति पूजन, स्वस्ति वाचन, पुण्याह वाचन व रूद्राभिषेक किया गया। ट्रस्ट कोषाध्यक्ष गुरुदत्त पुरोहित ने इस अवसर पर निज मंदिर में फूलमण्डली भी की गई। उन्होंने बताया कि मंडलनाथ महादेव मंदिर की स्थापना आज से लगभग 1093 वर्ष पहले की गई थी। निज मंदिर में ज्योतिर्लिंग के साथ पार्वती, कार्तिकेय, गणेश और नंदी के विठाह है। चैत्र माह की कृष्ण त्रयोदशी को मंडलनाथ मेला भी लगता है। मण्डलनाथ मंदिर का प्रबंधन दशकों से पुष्करणा ब्राह्मणों की ओर से किया जा रहा है।

### शिक्षक संघ राष्ट्रीय ज्ञापन देगा आज

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की ओर से प्रांत व्यापी आव्हन के तहत शिक्षकों की विभिन्न मांग पत्र को लेकर 15 मई को जिलाध्यक्ष शैतान सिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में जिला कलेक्टर जालौर को शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौपा जाएगा। संगठन के जिला मंत्री हीरसिंह राठौड ने बताया कि शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं एवं 1 जुलाई से राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने, शिक्षकों की सभी संवर्गो की बकाया पदोन्नति यथाशीघ्र करने, अधिशेष शिक्षकों का समायोजन कर वेतन व्यवस्था में सुधार करने, माध्यमिक शिक्षा में स्टाफिंग पैटर्न लागू करने, शिक्षा के क्षेत्र में एनजीओ का अनावश्यक हस्तक्षेप बंद करने, संस्कृत शिक्षा के विद्यालयों को क्रमोन्नति तथा शिक्षकों की नवीन भर्ती करने सहित विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर ज्ञापन सौपा जाएगा। जिसमें जालौर ,आहोर, भीनमाल, सायला एवं जसवंतपुरा उप शाखा के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### हाईकोर्ट के हेरिटेज परिसर में लगाए परिंडे

**जोधपुर**, (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेट्स एसोसिएशन द्वारा उच्च न्यायालय के हेरिटेज परिसर में पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए। एसोसिएशन के महासचिव शिवलाल बरवड़ ने बताया कि आज उच्च न्यायालय के हेरिटेज परिसर में अध्यक्ष रतनाराम ठोलिया सहित एसोसिएशन के पदाधिकारियों व जिला एवं सत्र न्यायाधीश विक्रांत गुप्ता, विशिष्ठ न्यायाधीश पोक्सो अनिल आर्य, सीजेएम करूणा शर्मा सहित अन्य पीठासीन अधिकारियों व अधिवक्ताओं द्वारा पक्षियों के दाना-पानी हेतु परिंडे लगाए गए। इस दौरान उपाध्यक्ष धीरेन्द्र दाधीच, महासचिव शिवलाल बरवड़, सह सचिव विजेन्द्र पुरी, पुस्तकालय सचिव कांता राजपुरोहित, कोषाध्यक्ष विमल कुमार माहेश्वरी सहित अधिवक्ता जतनसिंह भाटी, अखिल गुप्ता, सुरेन्द्रसिंह, श्रवण सारण, मोहन जाखड़, रवि पंवार, श्वेता अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

### हमलावरों को गिरफ्तार करने की मांग

**पोकरण**, (निसं)। आईएफजेडब्ल्यू संगठन सांचोर के बैनर तले पोकरण पत्रकारों ने राष्ट्रपति के नाम उपखंड अधिकारी प्रभोजीत सिंह गिल को ज्ञापन सौंपकर हीराराम मेघवाल पत्रकार को कुछ दिन पुर्व अज्ञात लोगों द्वाराजानलेवा हमला करने के आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है। संगठन पोकरण विधानसभा अध्यक्ष जुगल किशोर बिस्सा के नेतृत्व मे ज्ञापन सौंपकर लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर जानलेवा हमला करके हत्या का प्रयास किया जो बेहद निंदनीय है। पोकरण एसडीएम ने निष्पक्ष जांच करके आरोपियों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है। जुगलकिशोर बिस्सा, अखिलेश दवे, चंद्रशेखर दवे, नाथुराम वानर, चेतन मोहन केवलिया, रानी दान सिंह तंवर, दीपक सोनी, कपिल नागौरा, कुलदीप छगाणी, गीरीराज छंगाणी, नरेश पालीवाल , सुरेंद्र केवलिया, भुपेन्द्र राणा आदि उपस्थित रहे।

### लाइन पर बेहोश हुआ कर्मचारी, मौत

**जोधपुर**, (कासं)। निकटवर्ती नेतड़ा गांव में 220 केवी की लाइन पर रिपेयरिंग कार्य करते हुए कर्मचारी बेहोश हो गया। उसे लाइन से उतार कर अस्पताल ले जाया गया। मगर उसकी बाद में उसकी मौत हो गई। इस बारे में पुलिस ने मर्ग की कार्रवाई कर शव परिजन को सुपुर्द किया। करवड़ पुलिस ने बताया कि बाड़मेर के जाणियावास नांद का रहने वाला 26 साल का देवाराम पुत्र जेठाराम जाट 12 मई को 220 केवी की विद्युत लाइन नेतड़ा में काम कर रहा था। तब वह लाइन पर ही बेहोश हो गया। इसका पता लगने पर उसे लाइन से उतार कर अस्पताल ले जाया गया। मगर अब वहां उसकी मौत हो गई। भाई उत्तमाराम की तरफ से रिपोर्ट दी गई है।

### पेयजल-विद्युत के लिए नियंत्रण कक्ष

**जालोर**, (कासं)। अत्यधिक गर्मी को देखते हुए जालोर जिले में पेयजल व विद्युत संबंधित शिकायतों के संबंध में आमजन नियंत्रण कक्ष के नंबरों पर कॉल कर सूचना दे सकते हैं। जिले में पेयजल व विद्युत संबंधित शिकायतों व समस्याओं के निस्तारण के लिए जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नम्बर एवं टोल फ्री नंबर पर सम्पर्क किया जा सकता हैं।

# अहंकार की जगह संस्कार पालिए : धीरेन्द्र शास्त्री

**सांचौर**, (निसं)। ढोग का जीवन जीने की बजाय इंसान ढंग का जीवन जीय तो जीना सार्थक हो जाता है, वहीं इंसान को अपना जन्म सफल करने के लिये मन से अहंकार निकाल कर संस्कार से जीना सीख ले तो जीवन सुधर जाता है। उक्त बात बागेश्वर धाम के महन्त धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने सांचौर में हनुमन्त कथा के पांचवे दिन मंगलवार को कथा का वाचन करते हुए व्यक्त की।

■ **'भूत पिशाच निकट नहीं आवै, महावीर जब नाम सुनावे, नासै रोग हरे सब पीरा जो सुमिरे हनुमत बल बीरा'**



सांचौर में बागेश्वर धाम के महंत धीरेन्द्र शास्त्री ने हनुमंत कथा का वाचन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस दौरान उन्होंने कहा कि आज के प्रतिषप्रद्धा के युग में युवा पीढि संस्कार भूल रही है, जो चिन्ता का विषय है, बालको को उच्च शिक्षा दिलवाओ, इंजिनियर, वैज्ञानिक, डॉक्टर सहित हर क्षेत्र में कामयाब जरूर बनाओ किन्तु इसके साथ में बालक को शिक्षा के साथ- साथ इंसान बनाना भी मत भूलो, आज का बालक बड़े स्तर पर जाकर सफलता प्राप्त करता है किन्तु उसमें संस्कार जब नहीं होगें तो न तो उसके मन में माता- पिता, परिवार व समाज के प्रति कोई सम्मान होगा ओर न ही व संन्त महात्माओं की कद्र करेगा जो एक बड़ी चुनौती होगी।

उन्होंने कहा कि व्यक्ति को अगर पालना है तो परिवार में संस्कार पालिये, अपनी परम्परा को आगे बढाईये, हमारी परम्परा ओर संस्कार ही हमारा गौरव है। उन्होने कहा कि परिवार हो या किसी भी जगह बिना सोचे समझो लिया गया। एक निर्णय दिशा एवं दशा दोनो बदल देता है, इसलिये परिवार में संस्कार का पालना करना चाहिये, भागदौड की जिन्दगी में व्यक्ति अपने स्वार्थ के लिये कुछ भी करने को आतुर रहता है, साथ ही धन की लालसा में व संस्कार के अभाव में भाई का भाई दुश्मन बन जाता है। आदमी ही आदमी को ही काटने दौडता है, ऐसी जिन्दगी जिना जीना नहीं होता, जो हमारे लिये चिन्ता का चिन्तन का विषय है, आने वाला समय बहुत ही खतरनाक आने वाला है।

इस दौरान उन्होंने कहा कि समय रहते अपने बच्चों व परिवार पर संस्कार, मर्यादा को लेकर ध्यान नहीं दिया तो यह धर्म संस्कृति सब खतरे में पड जायेगी, हमारे पूर्वजो के द्वारा दिया गया वैभव खो जायेगा।

उन्होंने कहा कि हनुमान कथा का सुनने का सार यह है कि जो व्यक्ति हनुमन्त का स्मरण करेगा। वह सभी कष्टो से दूर हो जायेगा। नासै रोग हरे सब पीरा जो सुमिरे हनुमत बल बीरा को विस्तार से चित्रण किया।

उन्होंने बताया कि भूत पिशाच निकट नहीं आवै, महावीर जब नाम सुनावे अर्थाथ हनुमान की जो व्यक्ति भक्ति करेग उसके परिवार में शांति का वातावरण रहेगा। अर्थाथ तंत्र मंत्र का भी असर नहीं करेगा इस प्रकार हनुमान भक्ति से सब का कल्याण हो जाता है।

# निकाह करने से पहले दूल्हे ने परिंडा लगाया



जालोर शहर के पास मादलपुरा ग्राम में दूल्हे ने अपने निकाह से पूर्व पक्षियों के लिए परिंडा लगाया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर के निकट मादलपुरा ग्राम में एक दूल्हे ने तेज गर्मी के चलते अपने निकाह से पुर्व पक्षियों के परिंडा लगाया।

बारात रवानगी से पहले दूल्हे रमजान खान पुत्र सायरखान खेजरला ने परिंडा लगाया। दूल्हे की सभी ने तारीफे की ओर कहा कि अन्य लोगों को परिंडा लगाने की प्रेरणा मिलेगी। प्रेरक एवं स्काउट यूनिट लीडर भंवरु खान पठान प्रबोधक मादलपुरा ने बताया कि परिंडों के लिए रुप सिंह नारणावास का भरपुर योगदान मिल रहा है।

उन्होंन ने 300 परिंडे लगाने का दायित्व भंवरुखान को दिया है। रूप सिंह राठौड़ ने परिंडे अपने हाथों से लगा दिए है। भंवरु खान द्वारा 110 परिंडे लगा दिए गए है। आज खेजरला गांव में पहले दूल्हा ने पक्षियों के लिए परिंडा लगाकर उसमें पानी भरा, फिर निकाह के लिए कोलर गांव पहुंचा। सभी बारातियों, ग्रामवासियों, पक्षियों के प्रति संवेदनशीलता एवं हर घर एक-एक परिंडे लगाने का संकल्प लिया गया।

रूपसिंह राठौड नारणावास के इस पुनीत कार्य की खूब तारीफ की गई।

# अस्पताल में आर.ओ. शीतल जल प्याऊ शुरू




जालोर के राजकीय चिकित्सालय में लॉयन्स क्लब ने आर.ओ. वॉटर मशीन लगवाई। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर जिला मुख्यालय स्थित जिला चिकित्सालय जालोर में गर्मी के मौसम को देखते हुए चिकित्सालय में आने वाले मरीजों के लिए लॉयन्स क्लब की ओर से मंगलवार को आर.ओ. शीतल जल प्याऊ का उद्घाटन भामाशाह दीपेश सिद्धावत एवं प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर पूनम टॉक द्वारा फीता काटकर किया गया।

इस अवसर पर चिकित्सालय की ओर से लायंस क्लब के सभी पदाधिकारी का स्वागत अभिनंदन किया गया वही भामाशाह दीपेश सिद्धावत ने कहा कि वह हर समय सेवा के कार्य के लिए तत्पर है और ऐसे कार्य में हमेशा सहयोग करते रहेंगे।

मंगलवार को चिकित्सालय में आरओ वाटर कूलर स्वर्गीय इंदुबाला की स्मृति में मनोहर लाल मेवाडा आमेट द्वारा गार्गी सिद्धावत पत्नी राज सिद्धावत निधि मेवाडा की याद में राजकीय चिकित्सालय में आने वाले मरीज और उनके परिजनों सहित स्टाफ और अन्य लोगों के पीने के पानी की व्यवस्था के तहत यह कार्य किया गया है।

लायंस क्लब के अध्यक्ष डॉ. एसपी शर्मा, कालू राज मेहता श्याम सुंदर गोयल, किशन माहेश्वरी, मधुरश्याम गुप्ता, रमेश माहेश्वरी, पवन पेडीवाल भूराराम गर्ग, डॉ. गजानद शर्मा, डॉ. विजय मीणा, शहजाद खान सीनियर नर्सिंग ऑफिसर, दयाराम चौहान , हडमताराम गर्ग कमलेंद्र सिंह सहित चिकित्सा विभाग एवं लायन्स क्लब के पदाधिकारी मौजूद थे।

## अफीम का दूध सहित मादक पदार्थ बरामद

**बालोतरा**, (निसं)। जिला पुलिस बालोतरा ने आज एक बडी सफलता हासिल करते हुए मादक पदार्थ तस्करी के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी के पास से 1 किलोग्राम अफीम का दूध (रस), 700 ग्राम निर्मित अफीम और 1 किलोग्राम पोस्त डोडा, जिसकी कीमत 8,50,000 रुपये बताई जा रही है, साथ ही 1,90,000 रुपये नकद बरामद किए गए हैं।

यह कार्रवाई कुन्दन कंवरिया, आईपीएस, पुलिस अधीक्षक, जिला बालोतरा के निर्देशानुसार जिले में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री और आपूर्ति पर रोक लगाने और एनडीपीएस अधिनियम के तहत वांछित अपराधियों को पकडने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई है।

पुलिस टीम के नेतृत्व में थानाधिकारी बालोतरा, ओमप्रकाश ने आरोपी थानाराम पुत्र गोकलाराम जाति माली, उम्र 21 वर्ष, निवासी समदडी रोड, बालोतरा को धरपकडा।

गिरफ्तारी के बाद, आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है और बरामद मादक पदार्थों के संबंध में आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

लोगों के अनुसार पुलिस की यह एक सराहनीय पहल है जो जिला पुलिस बालोतरा द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी रोकने और हमारे समुदायों को सुरक्षित रखने के लिए किए गए निरंतर प्रयासों को दर्शाता है।

# लेन-देन का विवाद, शेयर कारोबारी को जिंदा जलाने का प्रयास

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के सरदारपुरा बी रोड पर एक कॉम्पलैक्स में शेयर बाजार कारोबारी का 11 मई की शाम को अपहरण कर लिया गया। उसे कार में जबरन डालकर पहले रतन नगर फिर बासनी औद्योगिक क्षेत्र सालावास लेकर गए। जहां लेन देन के विवाद में जिंदा जलाने का प्रयास किया गया। उसके गुदे में लाल मिर्च डालने के साथ शरीर पर सरसों का तेल और शक्कर डालकर जलाने की कोशिश की गई। बाद में अपहृताओं ने खाली कागज पर साइन करवा रात को छोड़ दिया।

पीड़ित कारोबारी ने इस बारे में सरदारपुरा थाने में नामजद लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया है। जिसमें जांच आरंभ की गई है। फिलहाल आरोपी हाथ नहीं लगे है।

शंभू भवन फतेह सागर निवासी 58 साल के विठल कुमार माहेश्वरी पुत्र कन्हैयालाल माहेश्वरी की तरफ से यह रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि वे सरदारपुरा प्रथम बी रोड स्थित अमरदीप कॉम्पलैक्स में शेयर का कारोबार करते है। 11 मई की शाम को कार्यालय बंद कर अपने घर की तरफ जाने वाले थे। नीचे आकर स्कूटी चालू की तब एक युवक उसके पास आया और खुद का नाम शैलू नाम बताया और कहा कि चंद्रशेखर बछावत ने आपको मिलने के लिए बुलाया है। वे 12 वीं रोड पर खड़े है। इस पर वह युवक पीछे बैठ गया। जब वे 12वीं रोड पर पहुंचने वाले थे तब एक बाइक पर दो अन्य युवक आए और कहा कि बच्छावत एक अस्पताल गए है वहां बुलाया है। इस पर वे उनके साथ चले गए।

वहां पर चद्रशेखर बच्छावत और अन्य सूरज भाटी एवं नंदपुरी नाम के शख्स मिले। चंद्रशेखर बच्छावत ने खाली स्टांप पेपर साइन करने को कहा और कहा कि लिख पांच करोड़ बच्छावत मांगता है और दे रहा हूं। इस पर परिवादी ने कहा कि पुराना हिसाब किताब निपटा दिया गया था अब कोई लेन देन नहीं है तो क्यूं लिख कर दूं।

इस पर उनके साथ में मारपीट की गई और बाद में कार में अपहरण कर रतन नगर, चौपासनी हाउसिंग बोर्ड स्थित एक स्टील फैक्ट्री पर लेकर गए जहां भी मारपीट की गई। उसके बाद उनके मुंह पर टेप चिपकाकर उन्हें सालावास की तरफ ले जाया गया। जहां मारपीट किए जाने के साथ जिंदा जलाने की बात की। तब नंदपुरी ने उनके शरीर पर सरसों का तेल लगाने के साथ शक्कर डाल दी। उन्हें जिंदा जलाने का प्रयास किया जा रहा था तब सूरज भाटी ने टोका कि इससे बात बिगड़ जाएगी और यह मर जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार उक्त लोगों ने उनकी गुदा में मिर्च भरने के साथ हाथों पर नशे के इंजेक्शन लगाए कर स्टांप पर साइन करवाए और 1.20 करोड़ की मांग के साथ शेष रकम देने की बात लिखी। पीड़ित ने अपनी बीमारियों का भी हवाला दिया मगर वे लोग नहीं माने।

इसके बाद में यह लोग फिर से उन्हें कार में डालकर बासनी एरिया से होते हुए वापिस रात को स्कूटी के पास छोड़ा। डर, घबराहट और शरीर में दर्द और होने पर वे थाने नहीं जा सकें। सोमवार को पीड़ित विठल कुमार ने इस बारे में सरदारपुरा थाने में मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामले में छानबीन शुरू की है।

## पोकरण विधायक का दुबई में स्वागत

**पोकरण**, (निसं)। पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज के दुबई पहुंचने पर प्रवासी राजस्थान के निवासियों व उद्योगपतियों ने स्वागत सत्कार किया।

तीन दिवसीय प्रवास के दौरान महंत कई कार्यक्रमों में शामिल हुए। दुबई के एयरपोर्ट पर विधायक का गुलदस्ता व शॉल ओढाकर सम्मान किया गया। दुबई पहुंचने पर झलोडा निवासी सवाईराम कुलरिया, ओबीसी मोर्चा जैसलमेर के जिला अध्यक्ष खीमाराम सुथार, विश्वकर्मा प्रोफेशनल एंड बिजनेस ग्रुप के अध्यक्ष अमराराम जांगिड़, उपाध्यक्ष मोहन भद्रेचा, उप सभापति लालाराम जोपिंग, पुखराज बरडवा, सुमेर कुलरिया, नरपत सुथार, मुकेश जॉपिंग, अर्जुन भुंदड, भीमाराम सलून, नरसिंगराम पिंगल, पपूराम मोडन, भोमाराम, गोविंदराम जॉपिंग, स्वरूपराम कुलरीया, नारायण वंश, तुलछाराम जॉपिंग, नरपतराम, जसराज, लक्ष्मण सुथार सहित कई युवा उद्यमी स्वागत कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहे।

जयपुर कार्पेंट्री वर्कशॉप पहुंचने पर प्रबंध निदेशक सवाईराम कुलरिया ने लकडी पर किए जाने वाले नक्काशी व अन्य कार्यो के बारे में जानकारी दी। विधायक ने कहा कि अपने गांव व ढाणियों से हजारों किलोमीटर दूर बैठे प्रवासी राजस्थानी बंधु आज देश के सर्वांगीण विकास में अपना अक्षुण्ण सहयोग देकर हम सबको गौरवान्वित कर रहे है।

साथ ही, अपनी अपणायत रूपी विरासत से देश-विदेश में राजस्थान का मान बढ़ा रहे हैं।

पोकरण विधानसभा के कई लोग अपने व्यवसाय को लेकर दुबई में निवास कर रहे हैं। इस दौरान इंडिया क्लब में आयोजित प्रवासी बंधु स्नेह मिलन समारोह में भी शामिल हुए।

# भैरव सुपर ने वाल्मीकि क्रिकेट प्रतियोगिता जीती



जालोर में क्रिकेट प्रतियोगिता में विजेता टीम भैरव सुपर किंग्स को पुरस्कार प्रदान किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जिला स्तरीय वाल्मीकि क्रिकेट प्रतियोगिता जालोर का समापन सोमवार शाम 6 बजे हुआ।

आयोजक ओमप्रकाश आर्य ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कुल 12 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच नरसिंह वीर रॉयल बनाम भैरव सुपर किंग्स के बीच खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए भैरव सुपर किंग्स ने 148 रन बनाए। वही 149 का टारगेट दिया। जबकि नरसिंह वीर रॉयल ने 116 रन ही बना पाई। इस प्रकार भैरव सुपर किंग्स 32 रनों से जीत दर्ज कर प्रतियोगिता पर कब्जा जमाया। विजेता व उपविजेता टीम को नगद पुरस्कार व स्मृति देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में मैन ऑफ द सीरीज प्रदीप परमार , बेस्ट बॉलर प्रदीप परमार, बेस्ट बैटसमैन अमित पंडित व बेस्ट फील्डर राहुल वाघेला रहे।

■ **मैन ऑफ द सीरीज प्रदीप परमार , बेस्ट बॉलर प्रदीप परमार, बेस्ट बैटसमैन अमित पंडित रहे**

आर्य ने बताया इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में प्रकाश चंद सोलंकी, खेतपाल परमार , सुनील तेजी, नरपत पंडित, सुरेश वाघेला, कैलाश आर्य, पार्षद जगदीश सोलंकी, किशन कटारिया, अनिल परमार, जगदीश परमार रहे।

इस दौरान जगदीश सोलंकी, जोगेंद्र कुमार, कुलदीप चौहान, मोहित सोलंकी, गौरव वाघेला, राहुल वाघेला, विकास जावा सहित काफी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## हादसों में घायल तीन की मौत

**जोधपुर**, (कासं)। कमिश्नरेट क्षेत्र में सडक़ हादसों में घायल हुए तीन लोगों की अस्पताल में उपचार के बीच मौत हो गई।

डांगियावास पुलिस ने बताया कि डांगियावास निवासी चांद मोहम्मद पुत्र रजाक मोहम्मद की तरफ से रिपोर्ट दी गई कि उसका चचेरा भाई सद्दाम पुत्र नूर मोहम्मद एवं इलियास मजदूरी के लिए ढाका की ढाणी गए हुए थे। वापिस वे अपनी बाइक पर लौट रहे थे। तब 28 फरवरी को उनकी बाइक को सुरेंद्र फिलिंग स्टेशन के पास में किसी वाहन चालक ने चपेट में ले लिया। हादसे में दोनों घायल हो गए। मगर अब उसके चचेरे भाई सद्दाम की अस्पताल में उपचार के बीच मौत हो गई।

महामंदिर पुलिस ने बताया कि सेवा सदन वाली गली नागौरी गेट किला रोड निवासी नरेश पुत्र गणपत ने मामला दर्ज करवाया। इसमें बताया कि 12 मई को उसका भांजा मयंक पुत्र जितेंद्र चावला अपने चाचा अभिषेक के साथ में बाइक पर खेतसिंह का बंगला के पास गए थे। जहां किसी क्रेटा कार चालक ने पीछे से टक्कर मार दी। इससे उसका भांजा मयंक बाइक से उछल कर गिर गया और सिर में गंभीर चोट लग गई। उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। मगर उसकी मौत हो गई। महामंदिर पुलिस ने क्रेटा चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

इधर चौपासनी हाउसिंग बोर्ड पुलिस के अनुसार 19 सेक्टर मकान संख्या 295-96 में रहने वाले किशोर कुमार सिंधी पुत्र मेघराज मल सिंधी की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसका भाई कमलेश कुमार और भतीजा शुभम बाइक लेकर 17 अप्रेल को रामनवमी को मेला देखने गए थे। वापसी में सेक्टर 17 स्थित एक पान की दुकान के समीप किसी टैक्सी चालक ने चपेट में ले लिया। भाई और भतीजा दोनों घायल हो गए। भतीजे शुभम को 24 अप्रेल को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। भाई कमलेश कुमार का एमडीएम में आईसीयू में उपचार जारी रहा, मगर 12 मई को निधन हो गया। चौपासनी हाउसिंग बोर्ड पुलिस टैक्सी चालक का पता लगाने का प्रयास कर रही है।